an>

Title: Need to undertake electrification of villages in Rajasthan under Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana.

**श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा)** ः मैं विद्युत मंत्री जी का ध्यान माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना "दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना " की ओर दिलाना चाहता हूं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने नवम्बर, 2014 में "दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना " की शुरूआत पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु की थी तथा लक्ष्य रखा था कि मई 2018 तक देश के 18,452 गांवों का विद्युतीकरण कर दिया जाएगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीण परिवारों को काफी फायदा मिलेगा क्योंकि बिजली देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में चौबीसों घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री जी की घोषणा के दो वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी राजस्थान प्रदेश में इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका है जबकि इस योजना के लिए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो जानी चाहिए थी।

अतः मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि राजस्थान में इस योजना का क्रियान्वयन शीघ्र सुनिश्चित किया जाये ताकि जो लक्ष्य माननीय प्रधानमंत्री जी ने रखा है, उसे तय समय में पूर्ण किया जा सके।